2015

HINDI

(Major)

Paper : 5.3

(Hindi Ka Natak Sahitya)

Full Marks : 60

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) नाटक को परिभाषित कीजिए।

(ख) नाटक क्यों लिखे और खेले जाते हैं?

(ग) 'अजातशत्रु' में कितने अंक हैं?

(घ) अजातशत्रु कौन है?

(ङ) मोहन राकेश द्वारा लिखित दो नाटकों के नाम लिखिए।

(च) हरिकृष्ण 'प्रेमी' द्वारा लिखित किसी एक नाटक का नाम लिखिए।

(छ) 'मिस्टर अभिमन्यु' किसका नाटक है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति लघु उत्तर दीजिए : 2×4=8

(क) "पुत्र को समस्त अधिकार देकर बीतराग हो जाने से असंतोष नहीं होता।" आशय स्पष्ट कीजिए।

(ख) "शुद्ध-बुद्धि की प्रेरणा से सत्कर्म करते रहना चाहिए। दूसरों की ओर उदासीन हो जाना ही शत्रुता की पराकाष्ठा है।" संदर्भ स्पष्ट कीजिए।

(ग) "राजकीय पगधूलि घर में पड़ती है, तो लोग गौरव का अनुभव करते हैं। ऐसा अवसर हर किसी के जीवन में कहाँ आता है?" किसने, किसको और क्यों ऐसा कहा?

(घ) "मैंने प्रभुता और सुविधा के मोह में पड़कर उस क्षेत्र का अनधिकार प्रवेश किया है।" यहाँ किस अनधिकार प्रवेश की बात उठायी गई है?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के लघु उत्तर दीजिए : 5×3=15

(क) नाटक के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(ख) वासवी और छलना के चरित्रों के मूलभूत अंतर क्या-क्या हैं?

(ग) "आपने सोने का झूठा सिंहासन देकर मुझे इस सत्य अधिकार से वंचित किया है।" इसका प्रसंगोल्लेख कीजिए।

(घ) 'आषाढ़ का एक दिन' में घायल हरिणशावक के दृश्य का महत्त्व क्या है, स्पष्ट कीजिए।

(ङ) "कालिदास एक पलायनवादी कवि हैं।" पठित नाटक के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) नाटक के तत्त्वों पर प्रकाश डालिए।

अथवा

नाटक की अभिनेयता से आप क्या समझते हैं? एक अभिनेय नाटक की विशेषताएँ क्या-क्या होती हैं, स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'अजातशत्रु' नाटक को प्रसादान्त नाटक क्यों कहा गया है, स्पष्ट कीजिए।

अथवा

अजातशत्रु के चरित्र की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

(ग) 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक का नायक कौन है और क्यों, सतर्क उत्तर दीजिए।

अथवा

'आषाढ़ का एक दिन' नाटक की शैलीगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

★★★